भी महिला श्रमिकों को समान काम के बदले समान वेतन आज तक नहीं दिया जा रहा है। क्या सरकार ने ऐसा कोई सर्वे करवाया है कि किन-किन प्रान्तों में अभी तक मान्य नहीं हुआ है और उसके लिए सरकार क्या करने जा रही है।

श्री वीरेन्द्र पाटिल : मुझे ऐसा लगता है कि यह प्रश्न मूल प्रश्न से सम्बन्ध नहीं है। यदि माननीय सदस्या को ऐसी कोई जानकारी हो कि कहीं महिला श्रमिकों को समान काम के बदले समान वेतन नहीं मिल रहा है तो वे मुझे लिख कर दें तो मैं उनको जानकारी दे सकता हूं।

PROF. N. G. RANGA: I would like to know, since the Act was amended, if the number of these courts and tribunals has been increased, and whether the Government have decided to locate these courts in such important industrial centres as Vishakhapatnam, Hyderabad and so on.

SHRI VEERENDRA PATIL: We have been time and again impressing upon the State Governments, keeping in view the large number of disputes that are pending before the Labour Courts and the Industrial Tribunals to have more tribunals. Similarly, at our level we are also trying to see if more Tribunals can be appointed.

ग्वालियर, मोरैना को एस० टी० डी० द्वारा दिल्ली/भोपाल से जोड़ना

*234. **श्री बाबू लाल सोलंकी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में ग्वालियर और मोरैना को एस० टी० डी० सुविधा द्वारा दिल्ली और भोपाल से जोड़ने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो यह सुविधा कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI VIJAY N. PATIL): (a) Yes, Sir.

(b) (i) STD facility between Gwalior and Delhi is alreday existing.

(ii) STD facility between Gwalior and Bhopal is expected to be commissioned during this year.

(iii) STD facility from Morena to Bhopal and Delhi is expected to be provided towards the end of the current Plan period.

श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी : मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश के कौन-कौन से स्थानों में आप एस० टी डी० सुविधा प्रदान करके दिल्ली और भोपाल को कनैक्ट करने जा रहे हैं। क्या खजुराहो जैसे स्थान को भी, दिल्ली और भोपाल से एस० टी० डी० द्वारा जोड़ने का सरकार विचार रखती है, क्योंकि खजुराहो पर्यटन की दृष्टि से विश्व-विख्यात स्थल है। यदि कोई योजना है तो कब तक उसको जोड़ दिया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय : इट इज ए स्माल प्लेस......

श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी : मैंने यह भी पूछा कि मध्य प्रदेश में और कौन-कौन से स्थानों को आप एस० टी० डी० के जरिए दिल्ली और भोपाल से जोड़ने जा रहे हैं....

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): It is a very small exchange. There is a long list of exchanges: if you want I can read them. For this question, I require a notice.

हिमाचल प्रदेश में दूरदर्शन रिले केन्द्र की स्थापना

*235 श्री कृष्णदत्त सुल्तानपुरी :
श्री एम॰ रामगोपाल रेड्डी :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश में दूरदर्शन रिले केन्द्र कब तक तैयार हो जाएगा ;

(ख) इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है और क्या तत्सम्बन्धी ब्यौरा सभा पटल पर रखा जाएगा ; और

(ग) उस पर किये जाने वाले कुल व्यय का ब्यौरा क्या है ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN): (a) A low-power TV receive-cum-relay system will be set up at Simla before the Asian Games '82. Another TV relay Centre with a 10 KW transmitter at Kasauli is expected to be commissioned during the year 1984_85.

(b) and (c) A Statement containing the details is laid on the Table of the House.

Statement

1. Low-Power TV Receive-Cum-Relay Centre at Simla.

(a) Estimated Outlay—
Rs.18 lakhs.

(b) Range of Coverage—
12 to 15 Kms.

(c) Site located, part equipment already received.

(d) Relay Centre will be commissioned before Asian Games, '82.

2. 10 KW TV Relay Transmitter at Kasauli

(a) Estimated Outlay—
Rs. 127.75 lakhs.

(b) Range of Coverage—
150 Kms.

(c) Possession of part of site has been taken over and the rest is in the process of being taken over. Transmiter equipment is available.

(d) The relay centre will be commissioned by 1984_85.

श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी : जवाब में कहा गया कि शिमला में एक रिसीव-कम-रिले सेंटर खोला जाएगा, जो एशियायी खेलों से पहले चालू हो जाएगा और कसौली में जो रिले सेंटर खोला जा रहा है, वह 1984–85 में चालू होगा । पीछे मंत्री महोदय वहां गये थे, तो उन्होंने अखबारों में बयान दिया था कि यह काम जल्दी से जल्दी कम्प्लीट कर दिया जाएगा । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि रिले केन्द्र के लिए कितनी सामग्री कसौली में पहुंचा दी गई है, इसके लिए कौन सी जगह चुनी गई है और इस काम में क्या अड़चन आ रही हैं । पहाड़ के लोग इस बात के लिए बहुत उत्सुक हैं कि वहां पर टी॰ वी॰ केन्द्र जल्दी खुले, ताकि वे लोग एशियायी खेलों को देख सकें ।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन॰ के॰ पी॰ साल्वे) : हम खुद इस बात के लिए ज्यादा उत्सुक हैं कि कसौली में जल्दी से जल्दी हमारा सेंटर लग जाये, लेकिन बहुत सी दिक्कतें हैं । हम चाहते हैं कि हम यह काम तुरन्त पूरा कर दें, लेकिन बहुत सी दिक्कतें सामने खड़ी हो जाती हैं । सबसे बड़ी दिक्कत जमीन मिलने में रही है । वहां पर हमने जो जमीन डिफेंस मिनिस्ट्री